प्रेस नोट दिनांक 13.02.2025

थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

थाना भोजीपुरा #bareillypolice ने चार माह के शिशु को जबरन उठा ले जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 04 घन्टे में सकुशल बरामद कर किया माता के सुपुर्द।

दिनांक 13.02.2025 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित होकर आगंतुक/पीड़िता श्रीमती तारावती पुत्री तुलाराम निवासी ग्राम मैमोर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली के द्वारा एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होने अंकित किया कि वह अपने पति विजयपाल पुत्र बुद्धसैन नि0 ग्राम हैदरगंज थाना शाही जिला बरेली द्वारा नशे का अधिक सेवन करने से परेशान होकर अपने पुत्र विशाल (उम्र चार माह) के साथ अपने मायके में रहती है। उनके दुधमुंहे बच्चे विशाल को उनका शराबी पति विजयपाल उनके मायके में आकर जबरन उठा ले गया है। इस सम्बन्ध में SSP महोदय द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय थाना भोजीपुरा SHO को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण की सूचना एवं SSP महोदय से मिले निर्देशों के क्रम में स्थानीय थाना भोजीपुरा पुलिस टीम के द्वारा मात्र 04 घन्टे के अन्दर चार माह के दुधमुंहे बच्चे विशाल को सकुशल बरामद करते हुए उनकी माता जी के सुपुर्द करने में सफलता अर्जित की है।

स्थानीय जनपद पुलिस द्वारा सूचना मिलने के मात्र 04 घंटे के अंदर दुधमुंहे शिशु को सकुशल सुपुर्द किये जाने पर बच्चे की मां अपने शिशु को पाकर भाव- विभोर हो गयी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एवं स्थानीय पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही की सराहना भी की। स्थानीय जनपद बरेली पुलिस द्वारा की गई इस तत्परतापूर्वक कार्यवाही की स्थानीय आम जनमानस मे भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। बच्चे की इतने कम समय में बरामदगी का यह प्रकरण स्थानीय गांव एवं आस-पास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बरामद शिशु का नाम व पता-

विशाल उम्र 04 माह नि0 ग्राम मैमोर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 तेजपाल सिंह थाना भोजीपुरा जिला बरेली ।
2. कां0 हिमान्शु थाना भोजीपुरा जिला बरेली ।
3. म0कां0 पूर्णिमा थाना भोजीपुरा जिला बरेली ।